# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बनेगा ई-हब्स

## सुविधा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ई-हब्स बनेंगे। इसके तहत यात्रियों की सुविधा के लिए यहां फूड कोर्ट व जनसुविधा परिसर होंगे। इसके अलावा ट्रक यूजर जोन, बैंक्वेट हॉल, होटल, वेयरहाउस व आटोमोबाइल शोरूम भी बनेंगे। वहीं 500 करोड़ रुपये की लागत से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सूरत बदलने वाली है। यूपीडा की कोशिश है कि इनके जरिए यात्रियों के लिए सफर के दौरान सभी जरूरी व आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहें।

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 10 कंपनियों को दिया गया जिम्मा :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 10 कंपनियां चार जिलों बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, आजमगढ़ में 15 ई-हब्स एक्सप्रेसवे के दोनों ओर बनेंगे। इसके लिए 57 भूखंड चिन्हित किए गए हैं। चयनित कंपनियां के लिए इन प्लाटों का सालाना लीज रेंट अलग-अलग तय हुआ है जो 137 रुपये से लेकर 198 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर पर है। यह काम एक साल से डेढ़ साल में पूरा करना है। यह योजना पीपीपी मॉडल पर चलेगी।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे में 500 करोड़ से सुधार होगा

आगरा एक्सप्रेसवे के निर्माण को पांच साल से ज्यादा वक्त हो गया है। अब यहां नए सिरे से रखरखाव का काम होगा। इसमें पूरी सड़क की ऊपरी लेयर फिर से बनेगी। साथ ही सुरक्षा उपकरणों व अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर किया जाएगा। इस मद में 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



**बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर जालौन व बांदा में बनेंगे ई हब्स :** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर मां दुर्गा कंस्ट्रक्शन कंपनी को जालौन व बांदा में दो-दो प्लाट आवंटित किए गए हैं। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण ईपीसी पद्धति पर कराया गया है। जनसुविधा परिसरों के निर्माण के लिए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के किनारे 10 हेक्टेयर प्रति परिसर के आधार पर 4 स्थानों पर जमीन खरीदी जा चुकी है। यूपीडा परिसर के आसपास आवश्यक मार्गों, ड्रेनेज, सीवरेज, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था आदि का काम कराएगा।